JEEViKA
An Initiative of Government of Bihar for Poverty Alleviation
Bihar Rural Livelihoods Promotion Society
State Rural Livelihoods Mission, Bihar
1st Floor, Vidyut Bhawan-II, Bailey Road, Patna - 800 021; Ph. : +91-612-250 4980; Fax : +91-612-250-4960; e-mail : info@brlp.in; Website : www.brlp.in

Ref NO :- BRLPS/Proj-FI/497/14/VOL-VI/4733 Date - 05.01.22

कार्यालय-आदेश

BTDP-CAP Fund निर्गत करने हेतु दिशा-निर्देश

कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक गतिविधियों में कमी के प्रभाव को स्वयं सहायता समूह के स्तर पर कम करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा NRETP-Covid Assistance Package Fund (NRETP-CAP Fund) को NRETP के कार्यक्षेत्र मे निर्गत करने का निदेश था। जीविका परियोजना द्वारा NRETP के 89 प्रखंड के अतिरिक्त 300 प्रखंडों मे BTDP योजना के अन्तर्गत तथा 145 प्रखंडो मे NRLM योजना के अन्तर्गत सामुदायिक संगठनों मे सामुदायिक निवेश निधि के रूप में निवेश किया जा रहा है। जीविका परियोजना अन्तर्गत क्रियान्वित सभी प्रखंडों में क्रमशः एकरूपता लाने के प्रयास हेतु **वर्तमान में बिहार ट्रान्सफोर्मेटिव डेवलपमेंट प्रोजेक्ट** (BTDP Bihar Transformative Development Project) **के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को भी Covid Assistance Package Fund (BTDP -CAP Fund) निर्गत करने का निर्णय लिया गया है।**

उपर्युक्त वर्णित सन्दर्भ के अलोक मे यह निदेशित किया जाता है कि BTDP अन्तर्गत सभी प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई के तहत सम्बद्ध स्वयं सहायता समूहों को **5000/---(पांच हजार रूपये मात्र) प्रति समूह** का भुगतान किया जाए। यह राशि Revolving Fund निर्गत करने हेतु निर्धारित माप दण्डो को पूरा करने एवं पंचसूत्र का पालन करते रहने वाले स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध करवाई जाएगी। **यह स्पष्ट किया जाता है कि CAP Fund की राशि समूह स्तर पर ही रहेगी एवं इसे ग्राम संगठन को वापस नहीं करना होगा।** BTDP के अन्तर्गत सभी स्वयं सहायता समूह को Covid Assistance Package Fund (BTDP -CAP Fund) की राशि दिनांक 31 जनवरी 2022 तक हस्तांतरित की जाएगी एवं सम्बंधित स्वयं सहायता समूह इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 28 फरवरी 2022 तक प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विदित हो कि BTDP -CAP Fund हस्तांतरित होने के समय इस राशि को व्यय के रूप मे **लेखांकन व्यय शीर्ष 2.A.E-CAP Fund to SHGs (CIF under BTDP)** के तहत की जाय तथा हस्तांतरण के उपरांत एक माह के अन्दर निर्धारित प्रारूप मे उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

05/01/2022

(बालामुरुगन डी)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका)

प्रतिलिपि:-

- सभी जीविका परियोजनाकर्मी
- IT Section एवं सम्बंधित सचिका